

# सभी के लिए मास्क
आपका मास्क मेरी रक्षा करता है

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज



WASH YOUR HAND
REQUENTLY
WITH SOAP AND WATER

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-2 • 17 MARCH TO 23 MARCH 2021 • VOLUME-33 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING


**INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE**

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

**STUDY, WORK & SETTLE IN ABROAD**

Low Filing Charges &
*Pay money after the visa

**IELTS | STUDY ABROAD**




E-mail : ankush@innovativetechin.com • hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10, Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. • HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza, GT Road, Adjoining Lovely Professional University, Phagwara.

*T&C apply


70 जिलों में बिगड़े हालात, अभी न संभले तो देश भर में फैलेगा संक्रमण : मोदी

## कोरोना को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ मोदी की समीक्षा बैठक, बोले- छोटे शहरों में टेस्टिंग बढ़ाने की जरूरत




• प्रधानमंत्री मोदी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह।

**• नई दिल्ली.ब्यूरो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना महामारी को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरोना के खिलाफ देश की लड़ाई को एक साल से ज्यादा हो रहा है। भारत के लोगों ने कोरोना का जिस प्रकार सामना हो रहा है, उसे लोग उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

आज देश में 96 प्रतिशत से ज्यादा मामले रिकवर हो चुके हैं। मृत्यु दर में भी भारत सबसे कम दर वाले देशों में है। देश और दुनिया में कोरोना की स्थिति को सामने रखते हुए दिए गए प्रेजेंनटेशन से कई अहम पहलु हमारे सामने आए हैं। दुनिया में अधिकांश देश ऐसे हैं जिन्हें कोरोना की कई वेब का सामना करना पड़ा है। हमारे यहां भी कई राज्य ऐसे हैं जहां पर केस कम होने के बाद अचानक वृद्धि होने लगी है। उन्होंने कहा कि हमें जनता को पैनिक मोड में नहीं लाना है। सावधानियां बरतकर हमें जनता को परेशानियों से मुक्ति दिलाना है।

उन्होंने कहा कि माइक्रो कंटेंनमेंट जोन बनाने के विकल्प में ढिलाई नहीं लानी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट को लेकर भी हमें उतनी ही गंभीरता की जरूरत है जैसा पिछले एक साल से करते आ रहे हैं। आरटी-पीसीआर टेस्ट रेट 70 प्रतिशत से ऊपर रखना बहुत अहम है।

### सेकंड पीक को रोकना होगा

पीएम मोदी ने कहा, कुछ राज्यों में केसों की संख्या बढ़ रही है। देश के 70 जिलों में ये वृद्धि 150 प्रतिशत से ज्यादा है। हमें कोरोना की इस उभरती हुई सेकंड पीक को तुरंत रोकना होगा। इसके लिए हमें जल्द और निर्णयात्मक कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना की लड़ाई में हम आज जहां तक पहुंचे हैं, उससे आया आत्मविश्वास, लापरवाही में नहीं बदलना चाहिए। हमें जनता को पैनिक मोड में भी नहीं लाना है और परेशानी से मुक्ति भी दिलानी है।

## कैप्टन ने टीकाकरण कार्यनीती पर फिर विचार करने को कहा

**• चंडीगढ़, ब्यूरो :**

लगातार कोविड-19 के मामले बढ़ने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपनी टीकाकरण कार्यनीती पर फिर से विचार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे चुनिंदा क्षेत्रों में हर आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण किया जा सकेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने इस समस्या से निपटने के लिए कठोर नीति का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों और अध्यापकों, जजों, बस चालकों और कंडक्टरों, पंचों/सरपंचों, मेयर/नगर कौंसिलों के प्रधानों/पार्षदों, विधायकों और सांसदों आदि के लिए पेशा आधारित टीकाकरण के लिए कहा जिससे अहम गतिविधियां सामान्य रूप से चलाने और कोरोना फैलाने वालों को रोकने के लिए रास्ता साफ हो सके। उन्होंने स्कूल और कॉलेज भी जल्द खोलने की पैरवी की।

मुख्यमंत्री ने कोविड से बचाव, बड़े स्तर पर सामाजिक और धार्मिक जलसों और स्कूल, कॉलेजों को सामान्य रूप से खोलने के यत्नों में ढील बरतने को मामले बढ़ने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की युवा आबादी में बड़ी स्तर पर पॉजिटिव केस देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक बन रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के वित्त मंत्री मनप्रीत बादल और शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने कहा, ''हम नीति बना रहे हैं, हम कल से सख़्त हो जाएंगे।''

## कोविड केयर अस्पतालों को तुरंत बैडों की संख्या बढ़ाने की हिदायत

**जालंधर. ब्यूरो :** ज़िले में कोरोना वायरस के बढ रहे मामलों को ध्यान में रखते हुए डिप्टी कमिश्नर जालंधर घनश्याम थोरी ने 19 प्राईवेट लैवल -3 के कोविड केयर अस्पतालों को कहा कि तुरंत अस्पतालों में 30 प्रतिशत बैडों की संख्या को बढ़ाया जाये। डिप्टी कमिश्नर ने इन कोविड केयर अस्पतालों में लैवल -3 बैडों की सामर्थ्य बढ़ाने के लिए नियमत जांच के लिए नोडल अधिकारी भी तैनात किये, जिससे समय सिर बैडों की सामर्थ्य को बढ़ाया जा सके। इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि नोडल अधिकारियों की तरफ से लैवल -3 कोविड केयर सुविधा में 50 बैडों का ज्यादा प्रबंध कर लिया गया है।

## मंडी से बीजेपी सांसद राम स्वरूप शर्मा का फंदे से लटका मिला शव, खुदकुशी की आशंका

**• मंडी/दिल्ली.** ब्यूरो

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी के सांसद रामस्वरूप शर्मा दिल्ली स्थित अपने आवास पर मृत पाए गए हैं। पुलिस ने बुधवार को बताया कि वह सुबह अपने सरकारी आवास पर मृत मिले हैं। उनका शव फंदे से लटका पाया गया और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने उनके खुदकुशी करने की आशंका जताई है।



पुलिस ने बताया कि उन्हें स्टाफ की ओर से कॉल किया गया था। उनका शव कमरे में फंदे से लटका हुआ था और दरवाजा अंदर से बंद था। उनकी मौत की जानकारी मिलते ही केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रामस्वरूप शर्मा 2014 में पहली बार मंडी लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। इसके बाद 2019 में एक बार फिर से चुनाव जीतकर वह संसद पहुंचे थे। आरएसएस के बैकग्राउंड से आने वाले सांसद रामस्वरूप शर्मा को उनकी सादगी के लिए जाना जाता था। सांसद के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। बीजेपी ने आज संसदीय बोर्ड की मीटिंग बुलाई थी, जिसे राम स्वरूप शर्मा की मौत के बाद कैंसल कर दिया गया था।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप गांधी का कोरोना से निधन

बुधवार का दिन भाजपा के लिए अच्छा नहीं रहा। एक दिन में उसके नेताओं की मौत हो गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप गांधी का भी बुधवार को नई दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। गांधी ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में शिपिंग राज्य मंत्री थे। सूत्रों ने कहा कि उन्होंने हाल ही में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। 80 के दशक के अंत में एक कॉरपोरेटर के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले भाजपा नेता 1999 में महाराष्ट्र के अहमदनगर से तीन बार लोकसभा चुनाव जीते थे।

## पंजाब में इंजीनियरों की भर्ती के लिए बड़ी मुहिम की शुरुआत

**• चंडीगढ़.** ब्यूरो

मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह की फ्लैगशिप स्कीम 'घर-घर रोजगार और कारोबार मिशन' के अंतर्गत एक बड़ी भर्ती मुहिम के अंतर्गत अलग-अलग विभागों में मौजूदा पंजाब सरकार द्वारा 1318 इंजीनियरों की भर्ती संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पहलकदमी के साथ इंजीनियरिंग ग्रैजुएट की पढ़ाई कर चुके नौजवानों को रोजगार के मौके मिलेंगे जो 2016 से सरकारी नौकरी का इन्तजार कर रहे हैं जब राज्य सरकार द्वारा 216 इंजीनियर भर्ती किये गए थे। इस संबंधी जानकारी देते हुए आज यहां मुख्य सचिव पंजाब विनी महाजन ने बताया कि इंजीनियर नौजवानों के लिए अलग-अलग पद भरने संबंधी पंजाब लोक सेवा आयोग (पी.पी.एस.सी.) को मांग भेज दी गई है।



इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए पी.पी.एस.सी. द्वारा भर्ती मुहिम पहले ही शुरू कर दी गई है और इस संबंधी विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है। इस भर्ती मुहिम संबंधी जानकारी देते हुए मुख्य सचिव ने बताया कि कुल 1318 पदों की भर्ती के लिए प्रार्थना भेजी गई है, जिनमें 1075 जूनियर इंजीनियर (सिविल), 80 जूनियर इंजीनियर (मकैनिकल), 15 जूनियर इंजीनियर (इलैक्ट्रिकल), 04 जूनियर इंजीनियर (इलैक्ट्रिकल/मकैनिकल), 94 सब-डिवीजनल इंजीनियर (सिविल) और 50 सब-डिवीजनल इंजीनियर (इलैक्ट्रिकल/मकैनिकल) शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इन पदों पर नियुक्ति केवल मेरिट के आधार पर किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा पांच सालों के अंतराल के बाद इंजीनियरिंग ग्रैजूएटों की इतने बड़े स्तर पर भर्ती की मुहिम चलाई गई है। यहां यह भी बताने योग्य है कि इंजीनियरिंग ग्रैजूएटों की आखिरी भर्ती 2016 में की गई थी जब सिर्फ 216 पद भरे गए थे। इससे पहले साल 2014 में सिर्फ 30 पद और 2012 में सिर्फ 25 एसे पद भरे गए थे। उन्होंने बताया कि इस साल पंजाब सरकार द्वारा अलग-अलग विभागों में 1 लाख सरकारी पद भरे जाएंगे। पंजाब कैबिनेट द्वारा 61,000 पदों को भरने की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है। लगभग 8079 भर्ती पहले की जा चुकीं हैं और 27206 खाली पदों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने वाली है, जिसमें से 18409 पदों की भर्ती संबंधी मांग पी.पी.एस.सी./एस.एस.एस.बी./तीसरे पक्ष को भेजी जा चुकी है और 8797 पदों की भर्ती संबंधी विज्ञापन जारी किया जा चुका है।

नगर निगम विभाग
जालंधर

# वर्कशॉप चौंक से गाजी गुल्ला जाती रोड से उठवाए गए काफी दिनों से पड़े कूड़े के ढेर

**• जालंधर ब्रीज .** रिपोर्टर

पिछले कुछ दिनों में नगर निगम कमिश्नर द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर साइकिल रैली निकाली गई थी जिसमें निगम के अधिकारियों, सफाई कर्मियों और शहर के एनजीओ द्वारा स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया था जिसका असर अब देखने को मिलना शुरू हो गया है।

जालंधर ब्रीज द्वारा अपने पिछले अंकों में वर्कशॉप चौंक से गाजी गुल्ला रोड पर श्री कृष्ण मुरारी मंदिर के बाहर लगे कूड़े के ढेर जो सड़क तक पहुंच चुके थे, इसका मुद्दा बड़ी गंभीरता से अपने समाचार पत्र में उठाया था। कमिश्नर कर्नेश शर्मा और जॉइंट कमिश्नर अमित सरीन द्वारा लिए गए संज्ञान के बाद अब सहायक अफसर राज कमल और इंस्पेक्टर सोनी गिल द्वारा हर रोज कूड़े की लिफ्टिंग शुरू की गई है। लोगों को भी उस जगह को साफ़ रखने के लिए कहा गया है जिससे की कोई भी व्यक्ति गंदगी की वजह से गंभीर बीमारियों का शिकार न हो और जालंधर शहर को भी स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 की रैंकिंग में पहले 20 स्वच्छ शहरों में लाया जा सके। वहीं दूसरी ओर शहर में कोरोना भी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में शहर में लगे जगह-जगह कूड़े के ढेर घातक बीमारियों को न्यौता दे सकते हैं। इसलिए विभाग की ही नहीं बल्कि पूरे शहरवासियों की भी यह जिम्मेवारी बन जाती है कि अपने आसपास सफाई का ख्याल रखें और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।




• वर्कशॉप चौक से जाती गाजी गुल्ला रोड से की गई कूड़े की लिफ्टिंग। फोटो : रवि



जालंधर ब्रीज ने इस मुद्दे को गंभीरता से प्रकाशित किया था

नगर निगम विभाग जालंधर

**नगर निगम की कार्यशैली के हिसाब से स्वछता सर्वेक्षण 2021 का नतीजा भी मायूस करेगा जालंधर निवासियों को**

• वर्कशॉप चौक से जाती गाजी गुल्ला रोड पर जगह-जगह बेतरतीब फैले कूड़े के ढेर। 10 से 15 दिन में सिर्फ एक बार होती है कूड़े की लिफ्टिंग, आने-जाने वाले बदबू से परेशान। फोटो : रवि

**जालंधर शहर को देश के पहले 20 स्वच्छ शहरों में लाने की मुहिम जनता व सफाई सेवकों के सहयोग के बगैर संभव नहीं रैंकिंग**

• जालंधर ब्रीज. विशेष रिपोर्टर

नगर निगम जालंधर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण सिटीजन फीडबैक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जालंधर शहर को देश के पहले 20 स्वच्छ शहरों में लाने के लिए मुहिम शुरू की गई है और इसके लिए शहर के हर एक व्यक्ति को अलग अलग तरह से जालंधर में पड़ते अपने वार्ड या एरिया का फीडबैक देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई एप्लिकेशन्स जैसे की वोट फॉर योर सिटी ऐप, स्वच्छता महुआ ऐप या 1969 नंबर पर कॉल करके अपना फीडबैक रजिस्टर करवाने के लिए कहा जा रहा है लेकिन जालंधर ब्रीज द्वारा अपने पिछले कई अंकों में नगर निगम को स्वछता के बारे में समाचारपत्रों के माध्यम से अवगत करवाया गया जिसका आज तक कोई असर होता हुआ नहीं दिखा। जालंधर ब्रीज के रिपोर्टर द्वारा वर्कशॉप चौंक से जाती गाजी गुल्ला रोड पर लगे कूड़े के ढेर के बारे में सहायक अफसर डॉ राज कमल से बात की गई। उन्होंने भी आगे इंस्पेक्टर सोनी गिल का नंबर दिया और उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि हर दिन कूड़े की लिफ्टिंग की जाएगी और कूड़ा सड़क तक न पहुंचे इसके लिए कोई पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। एक दो दिन सफाई होने के बाद गाज़ी गुल्ला रोड पर 10-15 दिन तक कूड़े की लिफ्टिंग न होने के कारण कूड़ा सड़क तक फिर से आ पहुंचा है। दूसरी तरफ निगम अधिकारियों और पार्षदों के बीच विज्ञापन मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा है जिसके चलते शहर को साफ रख कर सिटीजन फीडबैक ले पाना काफी मुश्किल होने वाला है। वैसे तो निगम द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ऐप में जाकर फीडबैक देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हकीकत में ग्राउंड जीरो पर देखा जाए, शहर के अंदर या बाहर गंदगी और कूड़े के ढेर कई जगह देखने को मिलेंगे। नगर निगम में तैनात रह चुके जॉइंट कमिश्नरों द्वारा इस मुहिम को सफल बनाने के लिए स्वछता इश्तिहार, स्वछता जागरूकता के लिए प्रमोशनल प्रोग्राम और गाने तक लांच किये गए थे। पर शहर के लोगों के मुताबिक इस ओर किए गए प्रयास और पैसा दोनों ही बेकार गया।

अब देखने वाली बात यह है कि निगम कमिश्नर इस अभियान में सालों से जुड़े अधिकारियों को हिदायतें देकर शहर को स्वच्छ करवा पाएंगे या जालंधर शहर को पिछले साल की तरह 119वें नंबर रैंकिंग के आस पास ही रहना पड़ेगा।

मेरा जालंधर दिल दे अंदर परन्तु यहाँ स्वच्छता अकेली कागजों के अंदर

स्वच्छ भारत मिशन सिर्फ कागज़ों में नज़र आता है

जालंधर ब्रीज फालोअप

• जालंधर ब्रीज ने अपने पिछले अंकों में स्वच्छता अभियान से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से प्रकाशित किए।

नगर-निगम जालंधर स्वच्छ भारत मिशन को सफल करने में हो रहा है विफल

स्वच्छ भारत योजना को लोगों के बगैर कामयाब करना नामुमकीन

• गत दिनों पहले जालंधर ब्रीज में प्रकाशित की गई खबर की कटिंग।


# कैसे करें सही करियर का चुनाव?



करियर गाइडेंस

**करियर जीवन** में एक ऐसा महत्वपूर्ण विषय है जिसका सही चुनाव करना बहुत ही जरूरी है। सही करियर मार्गदर्शन से ही आप अपने इच्छा अनुसार करियर के बारे में जान सकते हैं और यह भी जान सकते हैं कि क्या वह व्यवसाय या करियर आपके लिए सही है या नहीं। गलत करियर मार्गदर्शन से आपका जीवन बर्बाद हो सकता है। किसी भी व्यक्ति के जीवन में व्यवसाय ही ऐसा चीज है जिसके माध्यम से अत्यधिक ज्ञान के साथ-साथ वह पैसे कमा सकता है और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है।

- कोई भी करियर को चुनने के पश्चात होने वाली घटनाओं को।
- करियर से होने वाली मुश्किलें।
- अपने आपसे पूछना कि आखिर वह करियर किस पक्के कारण से उसके लिए सही है।




## दूसरे लोगों की मदद लें

- किसी भी प्रकार के मुश्किल में शिक्षित और बड़े लोगों से पूछने में अपने आपको छोटा ना समझें। जितना हो सके अपने गुरुओं, परिवार के लोगों से या मित्रों की मदद लें। आपने करियर के विषय में आप जितना ज्ञान बटोरेंगे उतना ही सफलता आपका करियर आपको प्रदान करेगा।

## सही करियर का चुनाव

- कुछ बेहतरीन आदतें आपके करियर को और भी बेहतरीन बनाने के लिए ।
- करियर को चुनने और उसके सही मार्गदर्शन के विषय में जानने से पहले इन कुछ महत्वपूर्ण बातों को अमल में लाना बहुत ही जरूरी है।
- अपने करियर को जानें और उत्साह के साथ आगे बढ़ें।
- सबसे मुख्य बात सही करियर को चुनते समय यह है कि आप अपने करियर से कितने खुश हैं। करियर वही सही है जो दिल को सुकून दे। आपके लिए सही करियर का चुनाव आप और आपका ज्ञान स्वयं है। आपको वही करियर सूट करेगा जिसके विषय में आपको ज्ञान है और जिस क्षेत्र में आपको ज्यादा जानकारी है। जबरदस्ती में चुने हुए करियर से कभी भी सफलता नहीं मिलती। ऐसे चुनाव से मात्र मानसिक तनाव और जीवन बर्बाद होता है, क्योंकि ऐसे लोगों को ना तो उस विषय में जानकारी होती है या ना तो वह सही तरीके से उस कार्य को कर सकते हैं।

## एक उद्यमी व्यक्ति बनें

अगर आप कोई नौकरी कर रहें हैं तो यह बहुत ही अच्छी बात है परंतु उस नौकरी को जीवन भर के लिए ना अपनाएं। एक उद्यमी व्यक्ति बनें और दूसरों के लिए काम करना बंद करें।

- करियर के लिए छोटा मोटा रिस्क लेना चाहिए
- अपने करियर को सफल बनाने के लिए छोटा-मोटा रिस्क लेना कोई बड़ी बात नहीं। सही समय का इंतजार करना बेकार है क्योंकि जीवन में सफलता वही प्राप्त करते हैं जो हर समय सफलता प्राप्त करने के लिए भूखे रहते हैं। सफलता हर कदम में मौजूद है बस वह हमारा कुछ करना बाकि रहता है।
- करियर में सफल होना है तो खुद पर भरोसा रखें।
- अगर कोई मुश्किल हो और कुछ समझमें ना आये तो धैर्य से काम लें और शांत मन से सोचें, हल जरूर निकलेगा। जब कभी भी जीवन में सफलता के रास्ते में अगर मुश्किलों का सामना करना पड़े तो जान लीजियेगा आप सही रास्ते में हैं।

# टमाटर त्वचा के लिए फायदेमंद

टमाटर में मौजूद लाइकोपीन न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए अच्छा है बल्कि त्वचा के लिए भी उतना ही फायदेमंद है। इसमें विटामिन जैसे ए, सी, के, बी-6 और कई मिनरल्स होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद अच्छे होते हैं। वहीं, लाईकोपीन त्वचा को उम्र और सूर्य के दुरूप्रभावों को भी बचाता है। लाईकोपीन लाल रंग की सब्जियों और फलों में पाया जाता है। वैसे आजकल लाईकोपीन का इस्तेमाल फेयरनेस व एंटी-एजिंग क्रीम्स में होने लगा है। खूबसूरती निखारने में टमाटर कैसे लाभदायक है।



सौंदर्य

## इस तरह करें इस्तेमाल

लाईकोपीन को पकाने से उसका प्रभाव बढता है। इसका मतलब कच्चे टमाटर की अपेक्षा टेमैटो कैचअप, सूप या सब्जी का ग्रेवी खाने में हमें ज्यादा लाईकोपीन मिलता है। सप्ताह में आधा या एक कप टमाटर सॉस खाने से प्रोस्टेट कैंसर का जोखिम कम हो जाता है, लेकिन त्वचा पर कच्चे टमाटर को इस्तेमाल बेहतर होता है।

## कुछ टिप्स

1 टमाटर में पाए जाने वाला लाईकोपीन पिग्मेंटेशन, अनइवन कॉम्लेक्शन और टैनिंग जैसी समस्याओं को कम करने का काम करता है। लाईकोपीन, चेहरे के स्कार्स को कम कर देता है। इसके लिए लाईकोपीनसयुक्त क्रीम का प्रयोग किया जाता है, जिसे दिन में 2-3 बार लगाया जाता है, क्योंकि यह धूप के प्रभाव से होने वाले नुकसान से त्वचा का बचाव करती है। यह ऑक्सीजन को त्वचा में जज्ब करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह त्वचा को यह तरह की परेशानियों से बचाने का काम करता है और त्वचा को पर्याप्त पोषण देता है।

2 लाईकोपीन अन्य कैरोटिनॉयडस से भी अधिक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट माना गया है। यह झूरियां, पिंपल्स और दाग-धब्बे दूर करने में सहायक है।

3 टमाटर हर रूप में फायदेमंद है। फिर चाहे इसे कच्चा खाया जाए या चेहरे पर लगाया जाए। इसके अलावा पक्के टमाटर के फायदे अलग हैं। नियमित तौर पर सिर्फ 10 मिनट तक टमाटर का पेस्ट लगाकर चेहरा धो सकते हैं। यह पैक आपको धूप से सुरक्षा कवच प्रदान करता है। साथ ही धूप से लौटने के बाद अगर त्वचा झुलस गई हो तो इसी पेस्ट का इस्तेमाल दोबारा से किया जा सकता है।

4 इसमें आयरन की भी भरपूर मात्रा होती है। इसलिए इसका सेवन गर्मियों में प्रतिदिन करें। कुछ लोगों को टमाटर का सलाद खाने में अच्छा नहीं लगता है तो इसका इस्तेमाल जूस या सूप बनाने में करें। यह दोनों ही तरह से फायदा पहुंचाता है। शरीर में पर्याप्त मात्रा में आयरन का होना त्वचा को खुद-ब-खुद खूबसूरत बना देता है।


5 इससे बना फेस पैक त्वचा के खुले रोम छिद्रों को बंद कर देता है, जिससे त्वचा चमकदार व मुलायम हो जाती है।

6 यह हर स्किन टाईप के लिए बेहतरीन है। फिर चाहे अपकी त्वचा सेंसिटीव हो, तैलीय हो या फिर सामान्य। यह त्वचा पर जादुई तरीके से काम करता है।

## कुछ फैस पैक्स

**टैनिंग करें दूर :** टमाटर को पीस लें। इसमें ओटस पाउडर और एक टी स्पून दही मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा लगाएं और कुछ मिनट के बाद चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। इस मिश्रण से सन टैनिंग हटती है और त्वचा में निखार आता है।

**निखरेगा चेहरा :** मुलतानी मिटटी और टमाटर का पेस्ट मिलाकर 15 से 20 मिनट तक चेहरे पर लगाएं और फिर से इसे धो लें। टी-जोन पर ब्लैकहेडस की समस्या है तो इस पैक को स्क्रबर के तौर पर इस्तेमाल करें। हथेलियों को पानी से गिला करें और पैक लेकर हल्के-हल्के चेहरे पर रगड़े, फिर धो दें। इससे चेहरा दमकने लगेगा।





हेयर स्टाइल टिप्स

# लुक का कमाल

हेयरस्टाइल का फैशन तेजी से बदलता रहता है, लेकिन कुछ ऐसे हेयरस्टाइल भी हैं, जो हमेशा चलन में रहते हैं। हिम नारी शक्ति बता रही है, कुछ सदाबहार हेयरस्टाइल को बनाने का सही और आसान तरीका।

## जरूरी टिप्स

- दो सप्ताह में कम से कम दो बार हेयर स्पा जरूर लें। इससे बालों की इंटेंस कंडिशनिंग होती है। सप्ताह में एक बार होममेड हेयर मास्क लगाएं। इससे बालों को पोषण मिलेगा और बाल मजबूत होंगे।
- अगर आपका तैलीय स्कैल्प है तो जेलयुक्त शैंपू और हर्बल कंडीशनर का इस्तेमाल करें।
- मौसम चाहे कोई भी हो, बालों की तेल मालिश जरूरी है। सप्ताह में एक बार हेड मसाज जरूर करें।
- बाल अधिक रूखे व बेजान हो तो स्टेटनिंग की जा सकती है।
- सप्ताह में एक बार हॉट ऑयल थेरपी जरूर लें, इसे जड़ों में ही लगाएं।
- हमेशा अच्छे हेयर ब्रश का इस्तेमाल करें, इससे बालों को सुलझाने में आसानी होगी।
- बालों को लगभग 4 से 6 सप्ताह के बाद ट्रीमिंग करवाएं।



### सेंटर पार्टिंग

सीधी मांग वाला हेयरस्टाइल स्टेट बालों के सही है। इससे बाल मुड़ते नहीं, बल्कि आकर्षण व बेहद शालीन दिखते हैं।

**कैसे बनाएं :** यह असानी से बनने वाला हेयरस्टाइल है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए ब्लो ड्राई करके बालों को स्टेट या बेवी लुक देंफिर बीच में से पार्टिंग करके सीधी मांग निकालकर बालों को खुला छोड़ दें। अगर आपके बाल पहले से स्टेट नहीं है तो स्टेटनिंग मशीन से पहले बाल सीधे करें और थोड़े-थोड़े बालों के सेक्शन लेकर सीधा करें।



### कर्ल

**कर्ल** खूबसूरत व लंबे बालों पर ब्लो ड्राई करना ही काफी है।

**कैसे बनाएं :** बालों को अच्छी तरह वॉश करें। फिर जड़ों के पास वॉल्यूमाइजर लगाकर बालों को तेजी से झटकें और फिर बालों को सेक्शन में बांट कर ब्लो ड्राई करें। अब बालों को उल्टे डायरेक्शन में कर्ल करें। अब इन्हें हलका खोलने का प्रयास करें, ताकि बाल-बाल थोड़ा बिखरे-बिखरे लगें। मूस अप्लाई करें। हेयर स्प्रे से लूक पूरा किया जा सकता है। हैंडबैंड लगाए या हेयर पिन्स भी लगाई जा सकती है। बालों को खुला छोड़ने के अलावा पोनी टेल भी बनाई जा सकती है।




### बन या जूड़ा

बन या जूड़ा हेयरस्टाइल में बाल अस्त-व्यस्त हों तो ज्यादा नेचुरल नजर आते हैं।

**कैसे बनाएं :** बालों पर लीव-इन कंडिशनर लगाएं। फिर बालों को ऊपर की ओर ले जाकर उंची पोनी बनाएं। अब इसे चोटी की तरह गूंथ लें। चोटी को नीचे से बांधे नहीं। साइड के बालों को अच्छी तरह पीनअप कर लें। जुड़े को नेट से भी कवरअप कर सकती है, इससे वह खुलेगा नहीं।

पार्टी में जाना हो तो फलॉवरी हेयर बैंड को आगे की ओर झुकाकर लगाएं, इससे बन यानी जूड़ा अच्छा दिखेगा।



### लो पोनी

बाल कर्ली हों या स्टेट, हर तरह के टेक्सचर में लो पोनी हेयरस्टाइल बनाया जा सकता है। यह हेयरस्टाइल पुराने दिनों की याद दिलाता है। जल्द कहीं जाना हो तो लो पोनी हेयर स्टाइल बनाना एकदम सही रहता है।

**कैसे बनाएं :** यह कम समय में तैयार होने वाला हेयरस्टाइल है। साइड पार्टिंग करना पसंद है तो पार्टिंग करके आगे छोटे बालों को साइड में करें। अब पीछे से बालों में बालों हलके हाथों में रबड़ बैंड लगाएं, तभी यह स्टाइल अच्छा दिखेगा। अब आगे के बालों में अच्छी तरह कॉम्बिग कर सेट करें।

**लोकसभा कार्यवाही : सांसद रवनीत बिट्टू ने उठाए पंजाब के विभिन्न मसले, बोले-**

# किसानी मसलों के हल के लिए लोकसभा स्पीकर करें पहल

• चंडीगढ़/नई दिल्ली. ब्यूरो




सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से अपील की कि वह तीन खेती कानूनों के खिलाफ संघर्ष कर रहे मुल्क के किसानों के मसलों के हल के लिए देश की समूचे राजनैतिक पार्टियों और नेताओं को एकजुट होने के लिए कहें।

संसद के चल रहे बजट सत्र के दौरान अपने संबोधन में लुधियाना से सांसद बिट्टू ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए लोकसभा के स्पीकर अहम भूमिका निभाने में सक्षम हैं। रवनीत बिट्टू ने कहा कि उनको खुशी है कि स्पीकर, लोकसभा खुद भी एक किसान हैं और इस समय सिर्फ वही हैं, जो सभी पार्टियों को मिलाकर किसानों से सम्बन्धित मसले का हल कर सकते हैं और इसलिए उनको इस सम्बन्धी पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को जब भी किसी प्रकार की जरूरत पड़ी है तो पंजाब और पंजाब के किसानों ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी चाहे यह मुल्क के लिए खाद्य पदार्थ की पैदावार का मसला हो या सरहद पर मुल्क की सुरक्षा का।

उन्होंने कहा कि पिछले सात महीनों से पंजाब के ग्रामीण विकास फंड के 900 करोड़ रुपए लम्बित हैं। श्री बिट्टू ने बताया कि धान की मीलिंग का काम भी पंजाब में रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक लाख टन धान की कीमत 300 करोड़ है जबकि पंजाब का 62 लाख टन धान की फसल मीलिंग के पक्ष से रोक दिया गया है जिससे बड़ा नुक्सान हो रहा है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से गेहूँ की खरीद शुरू होने से पहले खरीद मापदंड नियमों में भी तबदीलियाँ कर दी गई हैं और उन्होंने कहा कि पंजाब को उचित रूप में बारदाने की सप्लाई भी नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि पंजाब एक सरहदी राज्य है जहाँ किसानी संघर्ष शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में पाकिस्तान द्वारा ड्रोनों के द्वारा आर.डी.एक्स भेजने की कोशिशें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि पंजाब के हालात फिर से खराब होते हैं तो इसकी जिम्मेदार केंद्र सरकार होगी।

## कोविड टेस्ट के ज्यादा पैसे वसूले, निजी लैब पर केस दर्ज करने का आदेश

**जालंधर.ब्यूरो :** कोविड-19 के टेस्ट और इलाज करने वाले संस्थानों की तरफ से निश्चित किये गए रेटों से अधिक पैसे लेने पर सख्ती दिखाते हुए डिप्टी कमिश्नर जालंधर श्री घनश्याम थोरी ने ग्रीन पार्क में स्थित अतुल्या लैब के ख़िलाफ़ एफ.आई.आर.दर्ज करने के आदेश दिए है।

डीसी ने बताया कि शिकायत मिली थी, कि लैब में कोविड-19 के आर.टी.पी.सी.आर. टेस्ट के लिए 1500 रुपए लिए गए हैं, जबकि पंजाब सरकार की तरफ से इस टैस्ट के लिए 900 रुपए रेट निश्चित किये गए हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि लैब की तरफ से उससे इस टैस्ट के लिए पैसों की रसीद भी नहीं दी। शिकायतकर्ता ने लैब के विरुद्ध सबूत के तौर पर वीडियो भी सौंपी है, जिसकी जांच की गई है। शिकायत प्राप्त होने पर डीसी ने जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस कमिश्नर जालंधर को इस लैब के ख़िलाफ़ दोष सिद्ध हो जाने के बाद बनते कानून के आधार पर केस करने के लिए लिखा है।

## संजना के हुए बुमराह
### स्पोर्ट्स एंकर हैं संजना



**टीम इंडिया** के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पोर्ट्स एंकर संजना गणेश की शादी 14 मार्च को गोवा में हुई। सूत्रों के मुताबिक, शादी में परिवार के केवल कुछ ही सदस्य शामिल हुए और किसी को भी मोबाइल फोन कार्यक्रम स्थल में ले जाने की अनुमति नहीं थी। बुमराह की प्री-वेडिंग रस्में रविवार को गोवा में पूरी हुईं और शादी सोमवार को हुई। आपको बता दें कि जब से बुमराह ने टीम से ब्रेक ली थी, तब से उनकी शादी की अटकलें सोशल मीडिया पर सामने आ रही थी। संजना एक पूर्व मिस इंडिया फाइनलिस्ट और एंकर है, जो आधिकारिक तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) भी कवर करती है। संजना आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए भी काम करती हैं।

## 24 दिनों में 9,55,489 ई-कार्ड बनाकर पंजाब ने बनाया रिकार्ड, जालंधर नंबर-1



• उच्च स्तरीय मीटिंग में शामिल अधिकारी।

• चंडीगढ़.ब्यूरो

पंजाब सरकार ने ए.बी.-सरबत सेहत बीमा योजना के अंतर्गत 22 फरवरी से 16 मार्च 2021 तक लाभार्थीयों के 9,55,489 ई-कार्ड बनाकर रिकार्ड कायम किया है। यह खुलासा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव हुस्न लाल ने प्रयास भवन सैक्टर-38 चण्डीगढ़ में एक उच्च स्तरीय मीटिंग के दौरान किया।

मीटिंग का नेतृत्व करते हुए हुस्न लाल ने विशेष तौर पर पंजाब मंडी बोर्ड और खाद्य एवं सिविल सप्लाई विभाग को लाभार्थीयों के ई-कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के सी.ई.ओ. अमित कुमार ने कहा कि सभी जिलों में ई-कार्ड बनाने की प्रक्रिया जोरों पर चल रही है जिसमें परिवारों के ई-कार्ड बनाने के लिए फाजिल्का, पठानकोट, जालंधर क्रमवार पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब में यह योजना 20 अगस्त 2019 से शुरू हुई और राज्यभर में 6,01,766 से अधिक मरीजों को सरकारी और निजी अस्पतालों में दाखिल करवाकर 673.62 करोड़ का नकदी रहित इलाज मुहैया करवाया गया।

## महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड को कैंसर केयर कार्यों के लिए किया सम्मानित

**चंडीगढ़.ब्यूरो :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और श्रम मंत्री पंजाब बलबीर सिंह सिद्धू द्वारा आज महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड (स्वराज डिवीजन) को मोहाली, पटियाला, बठिंडा जिलों और चण्डीगढ़ में कैंसर केयर कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

सिद्धू ने महिन्द्रा एंड महिन्द्रा द्वारा अपने प्रोजेक्टों मोबाइल प्राईमारी हैल्थ, कैंसर स्क्रीनिंग और पैलीएटिव केयर यूनिटज के द्वारा कैंसर केयर क्षेत्र में दिए गए शानदार योगदान की सराहना की। यह प्रोजैक्ट महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के प्रोजैक्ट सहयोगी ग्लोबल कैंसर कन्सर्न इंडिया द्वारा लागू किये जा रहे हैं जो लाभ से वंचित लोगों पर केन्द्रित है और कैंसर देखभाल के क्षेत्र में देशभर में कार्यशील है। ट्रॉफी एम एंड एम लिमिटेड की ओर से अरुण राघव, हैड ई.आर, एडमिन एंड सीएसआर, श्री रंजन मिश्रा और विमल, सीनियर मैनेजर-सीएसआर, गणेश भट्ट, हैड प्रोग्राम और शिवपाल सिंह राणा- ग्लोबल कैंसर कन्सर्न इंडिया के सलाहकार ने प्राप्त की।

## अकालियों ने सिर्फ वादे किये, हमने पूरे करके दिखाए : राणा सोढी



• खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र सौंपते मंत्री राणा सोढी।

• चंडीगढ़.ब्यूरो

पिछली अकाली-भाजपा सरकार के सरकारी नौकरी के झूठे वादे की आस में बैठे गौरवमयी उपलब्धियों वाले 26 खिलाड़ियों को आज खेल, युवक सेवाएं और एन.आर.आई. मामलों बारे मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढी ने पंजाब भवन में नियुक्ति पत्र सौंपे। इन खिलाड़ियों को पंजाब पुलिस में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र देते हुए राणा सोढी ने कहा कि पिछली अकाली-भाजपा सरकार द्वारा किए गए वादे को हमने अमली-जामा पहनाया है और मुझे इस बात की खुशी है कि हमने नौकरी देने का यह वादा पूरा किया है। इन कुल 79 खिलाड़ियों में से आज पहले चरण के अंतर्गत 3 सब-इंस्पेक्टरों और 23 कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, जिनमें से ज्यादातर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में स्वर्ण पदक विजेता हैं।

राणा सोढी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर बेमिसाल उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों को पिछली सरकार ने बनते सरकारी नौकरी के अधिकार से वंचित रखा था। अब हमारी सरकार ने मामले की गंभीरता के साथ पैरवी की और मसला हल हुआ।

## 3704 नवनियुक्त अध्यापकों का चार दिनों का प्रशिक्षण 19 मार्च से

**चंडीगढ़.ब्यूरो :** पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग में हाल ही में नियुक्त किये गए 3704 अध्यापकों का चार दिनों का प्रशिक्षण 19 मार्च 2021 से आरंभ होगा।

विस्तार से जानकारी देते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि नवनियुक्त अध्यापकों का प्रशिक्षण 19 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च 2021 तक होगा। इस दौरान 21 मार्च को ट्रेनिंग नहीं होगी। यह प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से शुरू होगा और शाम 4 बजे तक चलेगा जो अलग-अलग जिलों में डी.एमज/स्टेट रिसोर्स पर्सन और रिसोर्स टीचरों द्वारा दिया जायेगा। इस सम्बन्धी मुकम्मल समय-सारणी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और अध्यापकों को भेज दी गई है।

प्रवक्ता के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान सरकार द्वारा जारी 19-कोविड सम्बन्धी हिदायतों के पालन को यकीनी बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। नवनियुक्त अध्यापकों को अपने नियुक्ति पत्र और पहचान प्रमाण साथ लेकर आने के लिए कहा गया है।

## आजादी के अमृत महोत्सव इंडिया@75 के तहत चित्र प्रदर्शनी का आयोजन



• जालंधर.ब्यूरो

भारत सरकार के प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय और पत्र सूचना कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव इंडिया@75 के तहत एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। टैगोर थियेटर में इस प्रदर्शनी का उदघाटन पंजाब के राज्यपाल वी.पी. सिंह बदनोर ने किया। इस मौके पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मत्रालय की उत्तर क्षेत्र की अपर महानिदेशक देवप्रीत सिंह उपस्थित थीं।

राज्यपाल ने इस फोटो प्रदर्शनी मे भारत की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले नेताओं महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा अन्य स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों की जीवन गाथा पर आधारित इस प्रदर्शनी को देखा व सराहा। प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय भारत सरकार द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रदर्शनी में महात्मा गांधी द्वारा 12 मार्च के दिन 1930 में शुरू किए डांडी मार्च से संबंधित व सुभाष चन्द्र बोस व सरदार पटेल से जुड़े छायाचित्र स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन संघर्ष की गाथा के साथ प्रदर्शित किए गए। इस मौके पर चंडीगढ़ के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अरुण कुमार गुप्ता, डिप्टी कमिश्नर मनदीप बराड़, नगर निगम कमिश्नर के.के. यादव व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

SPORTS PLANET स्पोर्ट्स प्लेनेट

# सीरीज में बने रहने के लिए भारत को जीतना होगा अगला मैच

• अहमदाबाद.ब्यूरो



फोटो : बीसीसीआई

**तीन** में से दो मैचों में उम्मीद के मुताबित प्रदर्शन करने में भारत नाकाम रहा। वीरवार को यहां चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला बराबर करने के इरादे से उतरेगा। भारतीय टीम साथ ही चाहेगी कि अगर वह टॉस गंवाती है तो यह मैच के नतीजे में निर्णायक साबित नहीं हो। मौजूदा श्रृंखला में अब तक टॉस जीतकर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने आसान जीत दर्ज की हैं।

भारतीय कप्तान विराट कोहली लगातार अच्छे प्रदर्शन की जरूरत पर जोर देते रहे हैं। उनका कहना है इस साल घरेलू सरजमीं पर होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए टीम लक्ष्य का पीछा करे या पहले बल्लेबाजी करे, उसे अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जो दो मैच गंवाए हैं उसमें टीम को पावर प्ले में जूझना पड़ा जिसके कारण टीम के अंतिम स्कोर पर असर पड़ा जबकि दोनों ही मैचों में एक बल्लेबाज (क्रमशः श्रेयस अय्यर और विराट कोहली) ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत की तरह इंग्लैंड भी हर तरह के हालात में जीत दर्ज करना चाहता है और टीम पिछले मैच में जीत से उत्साहित होगी। बटलर की फॉर्म में वापसी भारत के लिए चिंता का विषय होगी क्योंकि जिस दिन यह बल्लेबाज लय में होता है तो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। भारत के खिलाफ दो टेस्ट में बुरी तरह नाकाम रहे जॉनी बेयरस्टॉ ने मंगलवार को मनोबल बढ़ाने वाली नाबाद 40 रन की पारी खेली।

इंग्लैंड को अब दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज डेविड मलान के फॉर्म में लौटने का इंतजार है। भारत को अगर दुनिया की नंबर एक टीम को वीरवार रात को श्रृंखला जीतने से रोकना है तो विशेष प्रयास करना होगा।

**टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत :** विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, शिखर धवन, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शारदुल ठाकुर, नवदीप सैनी, दीपक चाहर, राहुल तेवतिया, इशान किशन।

**इंग्लैंड :** इयोन मोर्गन (कप्तान), जोस बटलर, जेसन रॉय, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, मोईन अली, आदिल राशिद, रीस टॉपले, क्रिस जोर्डन, मार्क वुड, सैम कुरेन, टॉम कुरेन, सैम बिलिंग्स, जॉनी बेयरस्टॉ और जोफ्रा आर्चर। समय: मैच शाम सात बजे से शुरू होगा।

## पुणे क्रिकेट स्टेडियम में 'इंग्लैंड वापस जाओ' के नारे लगाने के आरोप में 5 लोग गिरफ्तार



**पुणे.** पुणे के गहुंजे में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के स्टेडियम में घुसने और 'इंग्लैंड वापस जाओ' के नारे लगाने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वे ब्रिटेन से छत्रपति शिवाजी की प्रसिद्ध तलवार वापस लाने की मांग लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। भारत और इग्लैंड के बीच गहुंजे स्टेडियम में 23,26 और 28 मार्च को तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच होने हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पांचों का दावा है कि वे कोल्हापुर के एक संगठन के सदस्य हैं और उनके प्रदर्शन का मकसद ब्रिटेन से छत्रपति शिवाजी महाराज की भवानी तलवार वापस मांगना है जो कोल्हापुर के शिवाजी चौथे ने राजकुमार वेल्स को दी थी।

तेलेगांव डभाले थाने के एक अधिकारी ने बताया, " पांचों आरोपी सोमवार दोपहर को झंडे लेकर स्टेडियम में घुस गए और 'इंग्लैंड वापस जाओ' के नारे लगाने लगे। उनका दावा है कि तलवार को 1875 में राजकुमार वेल्स जबरन ले गए थे उसे वापस लाना है। उन्होंने बताया कि उन्हें भारतीय दंड संहिता की संबद्ध धाराओं में गिरफ्तार किया गया है।

# बैटिंग कोच राठौड़ ने कहा- राहुल सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज हैं, वापसी करने में नहीं लगेगा समय

• अहमदाबाद.ब्यूरो



• कोच विक्रम राठौड़।



खराब फॉर्म से जूझ रहे केएल राहुल

फोटो : बीसीसीआई

**बल्लेबाजी** कोच विक्रम राठौड़ ने खराब फॉर्म से जूझ रहे सलामी बल्लेबाज लोकेश का समर्थन करते हुए कहा कि तीन बार सस्ते में आउट होने से यह तथ्य नहीं बदल जाता कि वह भारत के 'सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज' हैं और एक शॉट या एक अच्छी पारी के साथ दोबारा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में वापसी करने में उन्हें अधिक समय नहीं लगेगा। राहुल पिछले दो टी20 मैचों में खाता खोलने में भी नाकाम रहे जबकि पहले मैच में भी वह सिर्फ एक रन बना पाए थे। इसका एक अहम कारण यह भी है कि आस्ट्रेलिया में दिसंबर की शुरुआत में टी20 श्रृंखला खत्म होने के बाद से वह कोई मैच नहीं खेले।

राठौड़ ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत की हार के बाद कहा, "कोई भी खराब दौर से गुजर सकता है और लोकेश राहुल टी20 प्रारूप में हमारा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। उसका औसत 40 से अधिक और स्ट्राइक रेट 145 है और तीन विफलता से यह तथ्य नहीं बदल जाता कि इस प्रारूप में वह हमारे पास सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है।" उन्होंने कहा, "इस समय उसे हमारे समर्थन की जरूरत है और मुझे पूरा यकीन है कि वह खराब फॉर्म से वापसी करेगा।"

राठौड़ ने स्वीकार किया कि लंबे समय से नहीं खेलना इसका एक कारण हो सकता है और लय में आने के लिए एक अच्छा शॉट भी काफी होगा। उन्होंने कहा, "मैं सहमत हूं कि लंबे समय तक बाहर बैठने से धार कुंद पड़ जाती है लेकिन हम सिर्फ उन्हें अभ्यास का मौका मुहैया करा सकते हैं। वे नेट सत्र में काफी समय बिता रहे हैं और मैदान पर बनी पिचों पर भी।"

भारतीय बल्लेबाज कोच ने कहा, "वे यही कर सकते हैं और हम बस उम्मीद कर सकते हैं कि एक पारी या एक शॉट और वे फॉर्म में वापसी करें। लोकेश राहुल जैसे लोग।" भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मौजूदा श्रृंखला के दोनों मुकाबले गंवाए हैं और पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज राठौड़ के अनुसार पिछले तीन मैचों की पिचें बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थीं। उन्होंने कहा, "यह आकलन करने के लिए मुश्किल सतह थी कि अच्छा स्कोर क्या होगा और बल्लेबाजी करते हुए उछाल ने इसे हैरान करने वाला विकेट बना दिया। गेंद रुक रही थी और हमने असमान उछाल भी देखा। इसलिए आप आकलन नहीं कर सकते कि कितना स्कोर अच्छा रहेगा।" राठौड़ ने कहा, "हमने सभी मैच अलग अलग पिच पर खेले और एक टीम के रूप में यह मुश्किल होता है। हम तीन मैच खेल चुके हैं और उम्मीद करते हैं कि अगर अगले मैच में पहले बल्लेबाजी करेंगे तो बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.